कार्यालय– प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर

**Office of the Principal, RUHS College of Medical Sciences, Jaipur**

*(Constituent College of Rajasthan University of Health Sciences)*

**Contact :**
Phone : +91-141-2795524
Fax : +91-141-2795550
Website : www.ruhscms.org
Email : principalruhscms@gmail.com

**Address :**
Sector-18, Kumbha Marg,
Pratap Nagar, Tonk Road,
Jaipur -302033
(Rajasthan)


क्रमांक : एफ–1 ( )/RUHS-CMS/संस्था/2024/ 2241 दिनांक 28/06/2024

## विज्ञप्ति

राज.स्वा.वि.वि.आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर में निम्नानुसार जूनियर रेजीडेन्ट के पदों को पूर्णत अस्थाई रुप (टैन्यौर आधार) से अधिकतम 06 माह हेतु भरे जाने हेतु Walk in Interview के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है:–

| Junior Resident |
|---|
| **Total Vacant Post** |
| **05** |

**उक्तों पदों की पात्रता एवं अन्य शर्तो का विवरण निम्नानुसार है:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पदों की न्यूनतम योग्यता | एम.बी.बी.एस (राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय/मेडिकल कांउसिल ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित योग्यता) मय राजस्थान मेडिकल कांउसिल अथवा मेडिकल कांउसिल ऑफ इण्डिया में स्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र |
| 2. | आयु सीमा | दिनांक 01.01.2025 को अधिकतम 45 वर्ष |
| 3. | कार्य की अवधि | जूनियर रेजीडेन्ट के पद पर नियुक्ति शुरुआत में 03 माह होगी। |
| 4. | आरक्षण | महिला अभ्यर्थियों/अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/निःशक्तजनों का राज्यसरकार के नियमानुसार आरक्षण का लाभ देय होगा। |
| 5. | साक्षात्कार की तिथि एवं समय | उक्त पदों पर चयन हेतु योग्य अभ्यार्थी दिनांक 09.07.2024 को प्रातः 10.00 बजे राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक के भूतल पर स्थित लेक्चर थियेटर में Walk in Interview हेतु अपनी उपस्थिति प्रस्तुत करेंगें। |

उक्त विज्ञापित पदों की संख्या में वृद्वि/कटौती कि जा सकती है।

**जूनियर रेजीडेन्ट के पद के कर्त्तव्य एवं शर्ते :–**

1. जूनियर रेजीडेन्ट के पद पर चयन 06 माह के लिये अस्थाई तौर (टैन्योर पोस्ट) पर किया जायेगा।
2. जो अभ्यार्थी चयन से पूर्व स्थाई/अस्थाई तौर पर अन्य स्थान पर कार्यरत हैं उन्हें इस चयन पर कार्यग्रहण करने से पूर्व उस विशिष्ठता से त्याग पत्र देना होगा। राज्य सेवा में कार्यरत/अन्य संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने नियुक्ति अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
3. जूनियर रेजीडेन्ट के पद पर कार्य पूर्णकालीन रेजीडेन्ट के रुप में करना होगा जिसके लिए नियमानुसार आकस्मिक अवकाश देय होगा इसके अतिरिक्त अवकाश लेने पर लिये गये अवकाश की अवधि का कोई स्टाईफण्ड एवं अनुभव देय नहीं होगा।
4. जूनियर रेजीडेन्ट महिला अभ्यर्थियों को राज्य सरकार के निर्देशानुसार जूनियर रेजीडेन्सी के दौरान केवल एक वार ही टैन्योर अवधि तक प्रसूति अवकाश देय होगा ।
5. चयनित अभ्यार्थी हडताल आदि में सम्मिलित पाया गया तो उनकी सेवायें तत्काल प्रभाव से बिना किसी नोटिस के समाप्त कर दी जावेगी। साथ ही प्रशासनिक कारणों से भी अभ्यार्थी की सेवायें समाप्त की जा सकती है।
6. जूनियर रेजीडेन्ट के पद पर कार्यरत अभ्यार्थी न्यूनतम एक माह की अवधि का नोटिस देकर त्याग पत्र दे सकेगें। एक माह का नोटिस नहीं देने की स्थिति में त्याग पत्र स्वीकृति से पूर्व एक माह का स्टाईपेण्ड महाविद्यालय कोष में जमा करवाना अनिवार्य होगा। चयनित अभ्यर्थी द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने की स्थिति में उनकी सेवाऐं बिना किसी नोटिस के समाप्त कर दी जा सकेगी।
7. साक्षात्कार की तिथि को किसी भी मेडिकल कॉलेज में रेजीडेन्ट के पद पर कार्यरत चिकित्सक उक्त पद हेतु आवेदन के पात्र नहीं होगें।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज का विवरण–

1. आवेदन पत्र के साथ अपनी नवीनतम प्रमाणित फोटो।
2. सैकेण्डरी स्कूल परीक्षा के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति (जन्मतिथी के प्रमाण हेतु)।
3. शैक्षणिक योग्यता की समस्त अकंतालिकाओं की प्रमाणित प्रतिया मय अटेम्प प्रमाण पत्र एवं इंटर्नशिप प्रमाण पत्र।
4. संस्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति (आर.एम.सी. / एम.सी.आई)।
5. जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति।
6. अनुभव प्रमाण पत्र, यदि हो।
7. महिला अभ्यार्थी के नाम अथवा उपनाम परिवर्तन के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र।
8. रिसर्च पेपर / पब्लिकेशन / अवॉर्ड / शैक्षणिक अनुभव (यदि हो तो संलग्न करें)।
9. राज्य सेवा में कार्यरत/अन्य संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने नियुक्ति अधिकारियों द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र।
10. साक्षात्कार में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी अपने सम्पूर्ण सम्बधित दस्तावेजों की मूल प्रतीयॉ व 01 सेट छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होगें।

**चल साक्षात्कार हेतु आवेदन पत्र दिनांक 09.07.2024 को प्रातः 12.00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें। प्रातः 12.00 बजे बाद साक्षात्कार हेतु आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। विशेष परिस्थितियो में साक्षात्कार की तिथि अथवा समय में परिवर्तन किया जा सकता है।**

अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। उक्त पदों हेतु चयन शैक्षणिक योग्यता के प्राप्ताकों एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जााएगा। आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में आरक्षित पद सामान्य वर्ग के अभ्यार्थी से भरा जावेगा। राजस्थान की अन्य पिछडी जाति कि क्रिमिलेयर श्रेणी के अभ्यार्थियों को इस वर्ग हेतु आरक्षित पदों का लाभ देय नहीं है, अतः ऐसे आवेदकों को सामान्य श्रेणी का अभ्यार्थी माना जावेगा। उपरोक्त टैन्योर आधार पर नियुक्ति हेतु संतान संबधी पात्रता राज्य सरकार के नियमानुसार होगी। साक्षात्कार हेतु आने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

उक्त पदों पर चयनित चिकित्सकों को प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक के निर्देशानुसार कार्य संपादित करना होगा। समस्त अग्रिम आवश्यक सूचनाओं हेतु महाविद्यालय की वेबासाईट RUHS College of Medical Sciences, Jaipur (ruhscms.org) का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

**प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक**
राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय,
जयपुर
दिनांक 28/6/2024

**क्रमांक : एफ–1 ( )/RUHS-CMS/संस्था/2024/22412-48**
**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, राज.स्वा.वि.वि.जयपुर।
2. निजी सहायक, प्रति कुलपति महोदय, राज.स्वा.वि.वि.जयपुर।
3. कुलसचिव, राज.स्वा.वि.वि. जयपुर।
4. निजी सहायक, प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, राज.स्वा.वि.वि.आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर।
5. डॉ. मंजू झा, नोडल अधिकारी, कॉलेज वेबसाईट को भेजकर लेख है कि इस विज्ञापन को आज ही कॉलेज वेबसाईट पर अपलोड करवायें।
6. महाविद्यालय नोटिस वोर्ड।
7. रक्षित पत्रावली।

**अति. प्रधानाचार्य**
राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय,
जयपुर